भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 684

सोमवार, 06 फरवरी, 2023/17 माघ, 1944 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

केन्द्रीय योजना में ज्वालामुखी शक्तिपीठ को शामिल किया जाना

684. श्री किशन कपूर:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पर्यटन मंत्रालय द्वारा तीर्थयात्रा को बढ़ावा देने के लिए केन्द्रीय योजनाओं में हिमाचल प्रदेश स्थित ज्वालामुखी शक्तिपीठ जैसे मशहूर शक्तिपीठ को भी शामिल किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या तीर्थयात्रा के दृष्टिकोण से हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध मंदिरों को लोकप्रिय बनाने के लिए कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय अपनी योजनाओं यथा 'आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार' (डीपीपीएच) और विदेश संवर्धन और प्रचार (ओपीपी) के तहत विभिन्न पहलों के माध्यम से हिमाचल प्रदेश के धार्मिक स्थलों सहित भारत का समग्र रूप से संवर्धन करता है। इसके अतिरिक्त मंत्रालय अपने सोशल मीडिया हैंडलों के माध्यम से भी तीर्थस्थलों सहित विभिन्न पर्यटन स्थलों का नियमित रूप से संवर्धन करता है।

मंत्रालय की एक डिजिटल पहल 'उत्सव पोर्टल' का उद्देश्य विश्व में लोकप्रिय पर्यटन स्थलों के रूप में देश के विभिन्न क्षेत्रों का संवर्धन करने के लिए पूरे भारत के सभी समारोहों, महोत्सवों और लाइव दर्शनों को प्रदर्शित करना है। यह पोर्टल हिमाचल प्रदेश राज्य के आयोजनों और महोत्सवों सहित महोत्सवों, आयोजनों और ऑनलाइन पूजा/आरती पर माह-वार और राज्य-वार कैलेंडर सामग्री प्रदर्शित करता है।

****